Regarding need to provide night landing facilities at Kanpur Airport, Uttar Pradesh-laid

श्री देवेन्द्र सिंह **?भोले? (**अकबरपुर**):** कानपुर शहर कैंट स्थित पुराने हवाई अड्डे से विभिन्न शहरों को वायु सेवा उपलब्ध थी जिनका संचालन 1970 तक सिविल एरोड्रम कैंट से होता रहा I इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सुविधाएँ ना होने के कारण यह सेवा कुछ ही शहरों तक सीमित रही,कानपुर से केवल तीन शहरों को ही सीधी हवाई सेवा उपलब्ध है, कानपुर मे हवाई यातायात का प्रचालन देश के अन्य शहरों कलकत्ता, अहमदाबाद, गोवा, जम्मू आदि शहरों को होता है । कानपुर हवाईअड्डे पर वाणिज्यिक फ्लाइट प्रचालन के लिए एयर नेविगेशन सेवायें भारतीय वायु सेना द्वारा उपलब्ध करायी जाती है, जिसके अंतर्गत ATC (एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेवाये) नेवीगेशन उपकरण ILS (इन्स्ट्रमेनल लैन्डिंग सिस्टम) रनवे लाइट आदि आते है I ये सेवाये कानपुर हवाई अड्डे पर केवल दिन मे है रात्रि के समय भारतीय वायु सेना द्वारा एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल से संबंधित सेवाये उपलब्ध नहीं कराई जाती,जिस कारण फ्लाइट ऑपरेशन सिर्फ दिन के समय में हो पाता है I कानपुर नगर के हवाई अड्डे पर नाईट मे वायु यातायात ऑपरेशन होना अतिआवश्यक है I अतः निवेदन है कि कानपुर मे हवाई प्रचालन हेतु एयरफोर्स की एयर नेविगेशन सेवायें (ATC तथा नेवीगेशन उपकरण 24x7) सप्ताह के सभी दिन 24 घंटे के लिए उपलब्ध कराये की कृपा करे ।